दीवानभेड़ी में आपसी रंजिश पर... पृष्ठ 2 | जिले में मवेशी की हालत दर्दनाक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 21 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 329, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए दी अपनी शहादत : मुख्यमंत्री साय

### गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी ने धर्म की रक्षा के लिए दी अपनी शहादत



**रायपुर।** मुख्यमंत्री गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी की 350वीं शहादत शताब्दी पर नगर कीर्तन यात्रा में हुए शामिलमुख्यमंत्री गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी की 350वीं शहादत शताब्दी पर नगर कीर्तन यात्रा में हुए शामिल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी में गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमारा सौभाग्य है कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर आयोजित कीर्तन यात्रा का दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पवित्र सिरोपा और कृपाण भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का विषय है। आज हम नगर कीर्तन यात्रा के दर्शन कर रहे हैं, जो गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर असम के गुरुद्वारा धुबरी साहिब से प्रारंभ होकर देश के अनेक स्थानों से होते हुए छत्तीसगढ़ पहुँची है। लगभग 10 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर यह नगर कीर्तन यहां पहुँचा है। हमारे प्रदेशवासियों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण और पुण्य अवसर है कि हमें इस यात्रा का स्वागत करने और इसमें भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी की शहादत के बारे में हम सभी भलीभांति जानते हैं। वे मुगलों के सामने कभी नहीं झुके और अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। आज भी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीशगंज साहिब गुरु तेगबहादुर जी की शहादत का अमर प्रतीक है। हम गुरु तेगबहादुर जी को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत भी अद्वितीय है। साहिबजादों ने मुगलों के सामने झुकने के बजाय धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने साहिबजादों की इस वीरता को नमन करते हुए हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी वीर बाल दिवस को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विधायक श्री सुनील सोनी, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कांवड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा, पूर्व विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, श्री बलदेव सिंह भाटिया, श्री गुरचरण होरा, गुरुद्वारा कमेटियों के प्रमुखजन सहित बड़ी संख्या में सिख धर्म के अनुयायी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग के कार्यों की समीक्षा

### एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की स्थिति, आगामी धान खरीदी की तैयारी, बारदाने की व्यवस्था एवं धान परिवहन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत रबी फसल अंतर्गत टमाटर, प्याज, गेंदा की फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। 200 हेक्टेयर के लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने पॉली हाऊस एवं मल्चिंग पद्धति के माध्यम से उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सपोर्ट सिस्टम के लिए नई योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसलों के लिए बांस एवं तार लगाने से लागत में कमी आएगी। इस योजना से किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने केला व पपीता की फसल, कृषि समृद्धि योजना, राज्य पोषित समेकित योजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी फसलों गेंदा एवं अन्य फूलों की खेती के लिए संभावित लखपति दीदी का चिन्हांकन करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मत्स्य संपदा योजना, बंद पड़ी खदानों में केच कल्चर, मछली बिक्री की दुकान के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि रबी फसल में टमाटर, प्याज, गेंदा फूल की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी को गेंदा फूल की खेती के लिए प्रेरित करें। ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन करें, जहां कम पानी में भी खेती हो सकती है। बैठक में उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर, उप संचालक उद्यानिकी श्री लाऊत्रे, सहायक संचालक मत्स्य पालन श्री एसके साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नेहरू महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



**शिविर में हुआ 36 यूनिट रक्तदान**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई. व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग, एनएसएस, एनसीसी तथा रेडक्रास इकाई के तत्वाधान में एवं भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की ब्लड बैंक टीम के सहयोग से महाविद्यालय के पुराने भवन में सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत एकदिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों का हीमोग्लोबिन एवं वजन का परीक्षण किया गया, जिनमें से 36 योग्य रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा रामजी भारती एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नोआना, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस शिविर में मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव की टीम ने सक्रिय योगदान दिया। टीम में प्रमुख रूप से डॉ. रिंकू सिंह (मेडिकल अधिकारी), चुमेश साहू, सुश्री ममता साहू (स्टाफनर्स), गीतेश (लैब अटेंडेंट) एवं राकेश साहू (वार्ड बॉय) शामिल रहे। महाविद्यालय परिवार से भी सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इनमें प्रमुख रूप से गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, हेमूराम पद्मे, डॉ. नौशीन अंजुम, भूतपूर्व विद्यार्थी प्रज्वल गेडाम एवं शिवम ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर, एनएसएस पुरुष अधिकारी हेमूराम पद्मे, महिला एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा की भावना का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

## शिक्षक दिवस पर पलकों एवं ग्रामवासियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल गुंगेरी



नवागांव के शिक्षक व शिक्षिकाओ को पेन एवं डायरी भेंट कर ग्रामवासियों व पालको द्वारा शिक्षक गैंद लाल डहरे, माधव साहू, दीपिका साहू, अंजू देवांगन को सम्मानित किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए शिक्षाविद डॉ खेमुदास साहू ने कहा की शिक्षक एक दीपक के समान होते हैं जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते है। कार्यक्रम के अवसर पर सरपंच भेलेन्द्र नेताम, उपसरपंच छन्नू पटेल ,ग्राम प्रमुख पन्नालाल यादव ,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू,हेमंत साहू,गया दास यादव,कीर्ति साहू,सुकको तुमरेकी, सावित्री यादव और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आसरा में आयोजित खंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला में 385 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

### ग्रामीण मरीजों को निःशुल्क कांढ़ा का वितरण किया



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में आसरा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 385 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा रोग प्रतिरोधन क्षमता बढ़ाने हेतु अनेकों को निःशुल्क आयुष काढ़ा पिलाया गया । शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत की अध्यक्ष रंजिता पड़ौती के मुख्यआतिथ्य में तथा जनपद सदस्य अनिता पंचारी की अध्यक्षता में हुआ। बतौर विशेष अतिथि सरपंच शरद वैष्णव आसरा, बसंत निषाद तेन्दूनाला, सालिक राम लाऊत्रे बम्हनीभांठा, मीठुराम साहू विचारपुर नवागांव, हेतराम साहू आदि उपस्थित थे। शिविर प्रभारी डॉ. वर्षा नागवंशी एवं समस्त आयुष स्टाफ की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। पश्चात् जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर शासन के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के प्रयासों को खूब सराहा। इस शिविर में कुल 385 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ इनमें से अधिकांश को निःशुल्क आयुर्वेदिक, होम्योपैथी औषधि एवं आयुष काढ़ा का वितरण किया गया । इसके अलावा शिविर में निःशुल्क औषधि वितरण के साथ निःशुल्क बीपी, शुगर व नेत्र की भी जांच की गई। शिविर के दौरान ही जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मिश्रा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शिविर में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया।

## हेमू कालानी नगर में तीन गलियों का सीसी रोड कार्यों का भूमिपूजन हुआ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वार्ड क्र 23 के पार्षद एवं एमआईसी



सदस्य राजा माखीजा के नेतृत्व में हेमू कालानी चौक के अध्यक्ष ज्ञानचंद लालवानी द्वारा गली नंबर 10, 11, एवं 12 के सीसी रोड के भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ज्ञानचंद लालवानी ने पार्षद राजा माखीजा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर समझौता न करने की समझाइस भी दी ।इस अवसर पर राजकुमार डुलानी, पवन अदानी, महेश मोटलानी,मुरली फगवानी, सुरेश लालवानी, प्रकाश वाधवानी सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।

## अग्रसेन जयंती, आज सांस्कृतिक संध्या में नृत्य नाटिका

### देश मेरा रंगीला में दिखी भारत की सांस्कृतिक झलक



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 21 सितम्बर, रविवार को 'सांस्कृतिक संध्या' में नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति होगी। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, श्रीमती जागृति गर्ग तथा संयुक्त जिलाधीश श्रीमती शीतल बंसल इस कार्यक्रम के अतिथि होंगे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि जबलपुर की पूजा एण्ड पार्टी द्वारा नृत्य नाटिका की यह प्रस्तुति अग्रसेन भवन के सभागार में होगी, जिसकी सारी तैयारियां कर ली गई है। श्री अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह 22 सितम्बर, सोमवार को होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। अग्रवाल सभा के शरद अग्रवाल ( पोहा ), शिव अग्रवाल, राजेश जिंदल, राजेश खोखरिया, बिसन अग्रवाल, परमानंद गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल अंकुर अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल के साथ सभी पदाधिकारी एवं समाज जन जयंती महोत्सव को सफल बनाने तैयारियों में जुटे हुए हैं। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि विगत दिवस शुक्रवार को अग्रवाल महिला मंडल द्वारा भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक झलक का प्रदर्शन 'देश मेरा रंगीला ' थीम पर डांस एवं रैम्प वॉक के माध्यम से किया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने जानकारी दी कि प्रतिभागी महिलाओं ने छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में वहां की संस्कृति को अपने बेहतरीन डांस और रैम्प वॉक से प्रस्तुत किया । उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम की होस्ट रश्मि अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रश्मि रुंगटा एवं प्रियंका लोहिया ने अपनी रोचक शैली से दर्शकों को बांधे रखा। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे, ओवर ऑल कैटेगरी में प्रथम अनुराधा पोद्दार, अंकिता पोद्दार, द्वितीय मुस्कान अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल। बेस्ट डांस, प्रथम मोना अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, द्वितीय संध्या लोहिया, पूजा अग्रवाल। बेस्ट कास्ट्यूम प्रतिभा अग्रवाल,आर्ची अग्रवाल। बेस्ट रैम्प वॉक, दिप्ति लोहिया,दिप्ति अग्रवाल। लक्की ड्रा में अनुराधा पोद्दार विजेता रही। नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता ( किड्स ) में प्रथम तनुष अग्रवाल, द्वितीय मानवी अग्रवाल, (जूनियर ) में प्रथम केशव अग्रवाल, द्वितीय आर्यन अग्रवाल। म्यूजिकल चेयर ( महिला ) में प्रथम अनिता अग्रवाल, द्वितीय पायल अग्रवाल।



## एक किलो गांजा के साथ गांजा बेचने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस द्वारा धर्मनगरी में नशा उन्मूलन अभियान चला कर नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी अभियान के तहत 19 सितंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि महावीर तलाब हनुमान मंदिर बर झाड़ के पास डोंगरगढ़ में आरोपी फारूख खान उर्फ अज्जू पिता इसराईल खान उम्र- 44 साल निवासी खुंटापारा वार्ड नंबर 01 डोंगरगढ़ अवैध रूप से गांजा बेचने के लिये अपने पास गांजा रखा हुआ है, कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर आरोपी सके पास से 9 सौ 72 ग्राम गांजा कीमत लगभग 9 हजार रू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-20(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर आरोपी को जुडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।




## छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 19 सितंबर 2025 को छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ स्टेट पवार कंपनी पंजीयन




क्रमांक 722 ने क्षेत्रीय कार्यालय कार्यपालक निदेशक राजनांदगांव को नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रथम चरण में 19/09/2025 को ज्ञापन सौंपा गया।दूसरे चरण में 01अक्टूबर 2025 को एक दिन की सामूहिक अवकाश 02अक्टूबर 2025 गांधी जयंती में अतिरिक्त ड्यूटी का बहिष्कार।तीसरे चरण में 09अक्टूबर 2025 विद्युत सेवा भवन रायपुर में आमसभा व गेट मीटिंग।चतुर्थ चरण 18/10/2025 से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल।

## गुंगेरी नवागांव में राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ आयोजन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत शासन की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव, सेक्टर आरी अंतर्गत ग्राम गुंगेरी नवागाँव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय पोषण माह एवं साक्षरता के तहत किशोरी बालिकाओं को यूनिसेफ से उपस्थित कोमल लहरे के द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) की पोषणीय गुणवत्ता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफ से उपस्थित श्री लहरे के द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं उनकी पोषणीय गुणवत्ता सहित मोटे अनाज और मिलेट्स के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। एनीमिया के कारण और एनीमिया से बचाव, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं को दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड की नीली और गुलाबी गोलियों का महत्व भी समझाया गया। पोषण वाटिका का महत्व भी बताया गया और बागवानी का महत्व बताते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने जागरूकता प्रदान की गई। इसके साथ ही मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी ने पैकेट और डिब्बा बंद वाले खाद्य पदार्थ, जंक फूड, शक्कर एवं तेल का कम से कम सेवन करने तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या कैसी हो इस पर भी चर्चा की गई। पोषण आहार और पूरक पोषण आहार का महत्व बताने के साथ साथ, बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, बुरे स्पर्श की पहचान, सड़क सुरक्षा, नशे से दूरी जैसे विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला। विद्यालय में जिज्ञासा बॉक्स की भी स्थापना की गई, ताकि जिज्ञासा बॉक्स के माध्यम से सवाल पूछकर स्कूल की किशोरी बालिकाएं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग जैसे रचनात्मक आयोजन भी किए गए और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किए गए। जागरूकता कार्यक्रम में टीएचआर और मिलेट्स से तरह तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाएं गए थे। आयोजन में ग्राम के सरपंच, ग्राम सचिव, शाला के शिक्षक, शिक्षिकाएं, पर्यवेक्षक गीतांजलि दीवान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सुक्को तुमरेकी, सावित्री यादव, अंजू देवांगन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## कबीरधाम जिले के 11 परिवारों ने बढ़ाया प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना की ओर कदम

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने कबीरधाम जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह खोली है। जिले के 11 परिवारों ने अपने घरों पर सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित कर यह बता रहे है कि यह योजना केवल बिजली बिल बचत का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की जनआंदोलन जैसी पहल कम नही है। मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप कबीरधाम कलेक्टर के मार्गदर्शन में योजना का क्रियान्वयन तेज रफ्तार से हो रहा है। अब तक जिले में 94 से अधिक हितग्राही वेंडर का चयन कर चुके हैं और कई को सब्सिडी राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। आने वाले महीनों में हजारों परिवार इस योजना से जुड़ने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। कबीरधाम जिले के 11 परिवार जिन्होंने योजना को अपनाया है, उसमें योगेन्द्र सिंह कश्यप (राजमहल चौक, कवर्धा), नरेश कुमार चंद्रवंशी एवं रितेश कुमार चंद्रवंशी (दौजरी), सतीश कुमार धवलकर (मठपारा वार्ड-3),श्रीमती लीना तिवारी (मठपारा वार्ड-12), श्रीमती माधुरी इन परिवारों की छतों पर लगाए गए 1 से 3 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल प्रतिमाह लगभग 300 यूनिट मुफ्त बिजली का उत्पादन कर रहे हैं।



**शुभांक**

**4-5-6**

**670-3 459-8**

# दीवानभेड़ी में आपसी रंजिश पर मिलकर मारा, हुआ खुलासा

## बच्चे को गुलैल से मारने के बात को लेकर आरोपीयो ने की हत्या , आरोपियों को जेल भेजा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस चौकी तुमडीबोड के अपराध क्र. 434/2024 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. में 19 सितंबर को सुबह 10:00 बजे ग्राम दीवानभेडी ग्राम पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू नाम के व्यक्ति का हत्या की सुचना चौकी प्रभारी दिलीप पटेल के दिया था सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल ग्राम दीवानभेडी पंचायत भवन पहुंचकर सुचना की तस्दीक जांच किया गया, पंचायत भवन के पास घनश्याम साहू अचेत अवस्था में पाया गया, पुलिस को घटना की जानकारी लेते हुए जानकारी मिली है कि गांव के फुलसिंग साहू, राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट किया गया जिससे मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभिर चोट व हाथ के कोहनी, दोनो पैर, हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरो के द्वारा मृत घोषित किया गया, पुलिस जांच कर मर्ग कायम कर मर्ग अपराध पंजीबद्व कर, सुचना तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी से अवगत कराया तथा घटना स्थल के संबंध में साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल युनिट राजनादगांव को सुचनार्थ कर मौके का निरीक्षण किया गया, जिस पर प्रार्थी चन्द्रशेखर साहू साहू ने पुलिस चौकी मेडीकल कॉलेज पेण्ड्री राजनादगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19.सितंबर को मैं अपने घर बगदई थाना डोगरगांव में था, करीबन 10:00 बजे बजे प्रार्थी को दीवानभेडी के अशोक साहू व देवेन्द्र साहू द्वारा फोन कर बताया कि आपके भाई घनश्याम को गांव वाले मार रहे है, बताने पर डायल 112 को फोन किया घटना के बारे में बताया और तत्काल बगदई से दीवानभेडी आया और गांव वालो को पुछने पर गौतम साहू ने बताया कि आपका भाई ग्राम पंचायत के पास पडा है, बताने पर जाकर देखा घनश्याम जिंदगी और मौत के बीच तड़प रहा था , तब चंन्द्रशेखर के द्वारा पानी पिलाने पर होश में आया और मृतक के भाई से पुछने पर घनश्याम ने बताया कि मैं गुलैल रखा था, जिसे गांव के फूलबाई साहू फुलसिंग साहू राहुल यादव व अन्य लोग मेरे नाती को गुलैल मार रहे हो कहकर सभी मिलकर हाथ मुक्का से लात घुसा व डंडे से मारपीट करना बताये। मारपीट करने से घनश्याम के सिर में गंभिर चोट व हाथ के कोहनी, दोनो पैर हाथ व शरीर में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया था रिपोर्ट पर ही देहाती मर्ग एवं देहाती अपराध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. कायम कर असल नंबर मर्ग क्र. 83/25 धारा 194 बीएनएसएस. एवं अप.क्र. 434/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस. कायम किया गया। तथा मृतक घनश्याम साहू पिता स्व0 अंकालुराम साहू उम्र 34 वर्ष ग्राम दीवानभेडी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ के शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया। बाद मृतक का मेडिकल कालेज अस्पताल राजनांदगांव से पी.एम. कराया गया पी.एम बाद मृतक के शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया, 20 सितंबर को दीवानभेडी के ही आरोपियों में फूलबाई पति फूलसिंग साहू उम्र 65 वर्ष, फूल सिंग साहू स्व कृपा राम साहू उम्र लगभग 70 वर्ष,.राहुल यादव पिता स्व0 मेघनाथ यादव उम्र 25 वर्ष सभी ग्राम दीवानभेडी की है पुलिस चौकी तुमडीबोड़ से मेमोरण्डम कथन लेख किया गया प्रकरण के तीनों आरोपियों फूलबाई साहू, फूलंसिंग साहू व राहुल यादव के विरूद्ध अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने पर 20.सितंबर को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



## अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो सप्लायर तस्कर पकड़ाए

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** अवैध रूप से शराब का परिवहन करते अलग अलग प्रकरणों में दो सप्लायर तस्कर को पकड़ने में पुलिस के हाथ सफलता हाथ लगी है । पुलिस से मिली जानकारी अनुसार इसी 19 सितंबर को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाही किया गया है। मुखबीर सुचना पर आरोपी गुलाब राम साहू पिता परमेश्वर साहू उम्र 53 साल निवासी बाजार चौक मुरमुदा थाना डोंगरगढ़ को ग्राम कुरूभाठ पिपरिया मोड़ के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु मो0सा0 क्रमांक- सीजी 08 एन0ए 7226 मे शराब तस्करी करते हुये पकड़ कर आरोपी गुलाब राम साहू से 20 पौवा देषी प्लेन शराब एव 15 पौवा अंग्रेजी शराब एवं मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा -34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है।इसी प्रकार गस्त पेट्रोलिंग के दौरान बोरतलाब रोड से डोंगरगढ़ वापस आते समय एक नीले रंग का एक्टीवा वाहन बोरतलाब से डोंगरगढ़ की ओर अत्यधिक स्पीड से गुजरा जिसे सायरन देते हुये रूकवाने की कोशिश किए तो चालक और स्पीड बढ़ाने लगा करीबन 01 किमी0 बाद पेड़ क्रमांक लालबांधा कक्ष क्रमांक- पी-446 जंगल के कच्ची मोड़ में अपने वाहन को न सम्हालते हुये गिर गया एवं आरोपी चालक जंगल का फायदा उठाकर भाग गये। मौके पर उतरकर देखे तो एक काले रंग के बड़ा बैग में 93 नग किंग फिशर स्ट्रांग केन बियर प्रत्येक में 500 एमएल भरी हुई मध्यप्रदेश निर्मित कुल- 46.500 बल्क लीटर, किमती- 14880/-रू0, एक्टीवा के डिक्की में रखे 12 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब जिसमें सिर्फ मध्यप्रदेश में बिक्री के लिये लेख है प्रत्येक में 750 एमएल भरी हुई कुल 9.000 लीटर किमती- 6384/-रू0, एवं नीले रंग का होण्डा एक्टीवा कीमती- 70000/-रू0 जुमला शराब की मात्रा- 55.500 बल्क लीटर जुमला कीमती- 91264/-रू0 मिला जिसे कार्यवाही करते हुये जप्त कर होण्डा एक्टीवा के फरार चालक के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपी का पता तलाश जारी है। थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर, नाकाबंदी की कार्यवाही कर एवं होटल/ढाबा चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है।



## दिल्ली छात्र संघ में अभाविप का कब्जा! नगर में हर्ष का माहौल

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** दिल्ली छात्र संघ चुनाव में लहराया भगवा परचम, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (छ्रस) चुनाव 2025 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने शानदार जीत हासिल की है. छ्रस् के केंद्रीय पैनल की 4 में से 3 सीटों पर ABVP ने अपना दबदबा बनाया है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSI) को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा है.. डूसू चुनाव 2025 में कुल 1,53,100 पंजीकृत मतदाताओं में से 60,272 छात्रों ने मतदान किया था. मतदान प्रतिशत 39.36 प्रतिशत रहा. इस बार कुल 21 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन मुख्य मुकाबला अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) और कांग्रेस समर्थित नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSI) के बीच देखने को मिला.

अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान ने जीत दर्ज की। सचिव और संयुक्त सचिव पद भी एबीवीपी की झोली में गया है। उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के राहुल झांसला ने जीत दर्ज की। जिस उपलक्ष्य ने अभाविप डोंगरगढ़ इकाई द्वारा गत रात्रि नगर के जयस्तंभ चौक में आतिशबाजी, फटाखे फोड़कर साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने प्रचंड जीत का उल्लास मनाया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि NSI वोट चोरी का मुद्दा बनाती रह गई और ABVP दिल्ली के विद्यार्थियों का दिल चुरा के चली गई । देश की Gen Z ने राहुल गांधी को दुत्कारा PUSU के बाद DUSU मे ABVP को स्वकारा जो विद्यार्थियों के बीच बढ़ते एबीवीपी की स्वीकार्यता को दर्शाता है। छात्रशक्ति ने अपने आशीर्वाद से एक बार फिर सिद्ध किया है कि उनका अटूट विश्वास छात्रहित में संघर्षरत रहने वाली विद्यार्थी परिषद के साथ था, है और सदैव रहेगा। यह जीत केवल ABVP की नहीं, बल्कि समस्त छात्रशक्ति की जीत है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर शिक्षा और संस्कार को साथ लेकर चलती है और राष्ट्र पुनर्निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प रखती है। समस्त छात्रशक्ति को इस ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ! उक्त कार्यक्रम के दौरान टिकेंद्र साहू, अविनाश टेम्बुलकर, हेमंत मंडावी,कुश मालेकर,शुभम महोबिया, प्रियंका यादव, दिव्या ठाकुर, दिव्य किरण सिन्हा, निकिता यादव,साहिल चंद्राकर ,ओंकार यादव, दुर्गेश कंवर,दीपेश साहू, बादल, अनुज कुंभलवार, गुलशन चंद्रवंशी, आयुष निर्मलकर, सागर द्विवेदी, सौम्य वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## ग्राम बीजाभाटा में अवैध शराब खरीदी बिक्री पर रोक, गांव में अर्थ दंड का प्रावधान रखा

### सामाजिक बुराई के खिलाफ प्रदर्शन करेगी महिलाए

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम बीजाभाटा में दो दिन पहले चाकूबाजी की घटना के बाद समस्त ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर गांव में कड़ा बंध त्यौहार मानकर गांव की समस्त ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं के समक्ष गांव में अवैध शराब खरीदी बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है इनके अलावा गांव के कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान में शराब पीते हुए नजर आए या गांव की दुकानो में खुला पानी पाउच डिस्पोजल बेचने पर भी अर्थ दंड का निर्णय लिया गया है गांव के जो भी व्यक्ति शराब बेचते या पिलाते देखा गया तो बताने वाले को 5 हजार का ईनाम दिया जाएगा. वहीं अवैध रूप से शराब खरीदने वाले को 5 हजार दंड एवं देखकर बताने वाले को दो हजार रुपये इनाम, खुले जगह में शराब पीने वाले को 2 हजार रुपये दंड एवं बताने वाले को एक हजार का ईनाम घोषित किया गया है. सार्वजनिक पर जगह शराब पीकर गाली-गलौच करने 2 हजार दंड एवं बताने वाले को एक हजार रुपये इनाम, दुकानदार द्वारा खुला डिस्पोजल बेचे जाने वाले को 2 हजार एवं जानकारी देने वाले को एक हजार रुपये ईनाम का निर्णय लिया गया है.

**डीजे पर प्रतिबंध, मोबाईल गेम भी प्रतिबंधित :**

ग्रामीणों की इस गरिमामय बैठक में विभिन्न पूजन समितियों द्वारा मूर्ति विसर्जन 5 बजे से पहले करना अनिवार्य किया गया तथा मूर्ति विसर्जन में डीजे साऊंड प्रतिबंधित किया गया है. इसके साथ ही किसी भी दुकानदार द्वारा स्कूली विद्यार्थी को गुटखा-पाऊच व बीड़ी, सिगरेट विक्रय नहीं करना है. किसी भी व्यक्ति द्वारा गली अंदर मोटर साईकिल रफ्तार एवं बिना साईलेंसर के गाड़ी चलाये जाने एवं फ्री-फायर गेम खेलते पाये जाने पर दंड का प्रावधान रखा गया है. किसी भी मवेशी मालिक द्वारा अपने मवेशी को खुला छोडने् एवं किसी व्यक्ति द्वारा चिन्हित कर बताये जाने पर पांच सौ रुपये दंड करने का निर्णय लिया गया है.

**ग्रामीण महिलाओं ने कहा**

ग्राम बीजाभाटा निवासी एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रकला यादव ने कहा गांव में अवैध शराब को लेकर पूर्व में पुलिस को सूचना दिया था परंतु पुलिस के द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे गांव गांव में सामाजिक बुराई शराब खोरी नशा पानी युवाओं को चपेट में ले लिया है अब पुलिस ऐसे अवैध शराब और नशा पर रोक नहीं लगाया तो शीघ्र ही रोड पर सामाजिक बुराई के खिलाफ महिलाओं के द्वारा विरोध कर प्रदर्शन किया जाएगा।



## छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढाने हेतु सरकार को सौपा ज्ञापन मांग पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री सुशांत बेलेकर ने बताया कि वर्ष 2014 में अधीनस्थ लेखा सेवा पदोन्नति एवं परीक्षा के लिए कोषालयीन लिपिकों के पद को शासन द्वारा कम कर दिया गया है, जबकि पूर्व में कोषालयीन लिपिकों के लिए पद अधिक था । अन्य विभागों में पदोन्नति एवं परीक्षा के पद अधिक है। जिसके लिए संगठन द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन दिया गया है, लेकिन आज तक दिनांक तक कर्मचारी हित में आदेश जारी नहीं किया गया और न ही इस संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस पहल कि जा रहा है। पूर्व में चरणबद्ध तरीके से माह अग्रस्त 2023 में काली पट्टी लगाकर, जिला स्तर, संभागीय स्तर एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री निवास घेराव किया। 13 सितम्बर 2023 को सचिव स्तर पर पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई, जिसमें अधीनस्थ लेखा सेवा में पद हेतु सहमति दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है उक्त मांग के लिए प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्षों द्वारा पूर्व में भी शासन से पत्राचार किया गया है लेकिन आज तक कार्यवाही अपेक्षित है।





## कांग्रेस पार्टी अपने ही फजीहत करा रही है - श्रीवास

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भाजपा प्रवक्ता पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव चंद्रेश श्रीवास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने आप को सबसे पुराना राजनीति पार्टी मानती है और देश में पचास साल राज कर चुकी हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता द्वारा एक ही परिवार ,गांधी परिवार को सत्ता के राज सिंहासन पर बैठे देखने के चलते गांधी परिवार कुछ भी बोले कुछ भी करे कुछ भी प्रचार प्रसार करें सब कुछ आंख मूंद कर जिन्दा बाद मुर्दा बाद के नारे लगाते रहती हैं जिससे प्रदेश ही नहीं अपितु देश विदेश के बीच आम जनता में भी कांग्रेस पार्टी अपना फजीहत स्वयं करा रही है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रवक्ता श्री श्रीवास ने आगे कहा है कि भारतीय लोकतंत्र में देश के विकास में योगदान सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका अति महत्वपूर्ण है लेकिन विपक्ष है कहकर सभी विषयों, कार्यों,विचारो का विरोध नहीं करना चाहिए यदि विरोध करना है तो पुरे सबूतों तथ्यो को सामने रखकर कार्य का विरोध किया जाना चाहिए जबकि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा आज भी राहुल गांधी सोनिया गांधी गांधी परिवार को अपने पार्टी से उपर भगवान अल्लाह ईशु मसीह मानकर कार्य कर रहे हैं जिससे कांग्रेस पार्टी देशहित में विपक्ष न हो कर राष्ट्र विकास विरोधी पार्टी बन गई है श्री श्रीवास ने आगे कहा कि क्या कांग्रेस पार्टी देश में एक तरफा पचास साल राज किये है वह वोट चोरी कर राज किया है जो आये दिनों देश के विकास विस्तार की विषय छोड़ कैसे देश में अशांति हो आंताकी उपद्रवी व्यक्ति या संगठन हावी होकर देश में आपदा आफत्त लाकर आम जनता के ध्यान को भटकाने का कार्य करे ताकि देश के जनता के बीच तोड़ मरोड़कर बातें करके देश की सत्ता में वापसी कर सके श्री श्रीवास ने आगे कहा है कि एक समय ऐसा था कि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में भारतीय प्रधानमंत्री को अनेकों बार विदेशी ताकतों के समक्ष सर झुकाना पड़ता था लेकिन जब जब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार रही है तब तब हमारे भारत माता भारत देश एक सशक्त समृद्ध सामर्थ वान धार्मिक समाजिक समरसता सूरक्षित विकास शील भारत के रूप में विश्व प्रसिद्ध हुआ है।



## कबीरधाम पुलिस अधीक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के तीन सहायक उप निरीक्षकों को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के तीन सहायक उप निरीक्षकों का उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है, जिसमें (1) सहायक उप निरीक्षक श्रीमती उमा उपाध्याय थाना सहसपुर लोहारा(2) सहायक उप निरीक्षक श्री रघुवंश लाल पाटिल थाना पांडातराई (3) सहायक उप निरीक्षक श्री इसराइल खान अजाक थाना कवर्धा। जिन्हें आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पदोन्नत अधिकारी के एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दूसरे कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें सहायक उप निरीक्षक के पद से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ङ्क च्पदोन्नति केवल पद और दायित्व की वृद्धि नहीं, बल्कि यह कर्तव्यों के प्रति समर्पण और कार्यकुशलता की स्वीकृति है। आशा है कि पदोन्नत तीनों ही अधिकारी अपने अनुभव, निष्ठा और मेहनत से विभाग की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक , उप पुलिस अधीक्षक उप पुलिस अधीक्षक , थाना प्रभारी सिटी कोतवाली व कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पदोन्नति की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में भारत के किस शहर में जैवदीप्त तरंगें देखी गईं?*
*2) वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025 का आयोजन कहां किया गया था?*
*3) तेलंगाना में मूसी नदी के पुनर्जीवन के लिए किस दक्षिण कोरियाई नदी परियोजना को मॉडल के रूप में उपयोग किया जा रहा है?*
*4) गेलफू च्माइंडफुलनेस सिटीज् परियोजना किस देश द्वारा शुरू की गई है?*
*5) हाल ही में दिवंगत हुई कुमुदिनी लाखिया किस शास्त्रीय नृत्य से जुड़ी थीं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) चेन्नई (2) नई दिल्ली (3) हान नदी (4) भूटान (5) कथक

# जिले में मवेशी की हालत दर्दनाक, लगातार हो रही मौत, शासन प्रशासन मौन, गौ अभ्यारण फेल

## आखिर गौ संरक्षण अधिनियम कब लागू होगा, आखिर मवेशी की मौत होने पर किसके ऊपर होगा अपराध दर्ज

**इलियास खान**

**बलौदाबाजार ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में गौ माता की स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि सड़कों पर दुर्घटनाओं और आवारा पशुओं की समस्या बढ़ रही है. साधु-संत और सामाजिक कार्यकर्ता गौ माता को न्याय दिलाने और उनके संरक्षण के लिए आवाज उठा रहे हैं, और उनकी मांग है कि गायों को पशु के बजाय राष्ट्र माता का दर्जा मिले और उनके नाम पर राजनीति बंद हो, ताकि उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके। बलौदा बाजार भाटापारा जिले में ग्राम रिश्दा, ग्राम जारा, ग्राम परसाभदेर, ग्राम सोनार देवरी, और अब किरवई। आज दिनांक को सुबह ग्राम किरवई, थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मे 70 से 80 गायों को बंधक बनाकर रखा गया है, जिसमें से कई गाय भूख से मर चुकी है। आज सरपंच पति उमेश सायतोड़े, उप सरपंच पति हेमलाल साहू, पंच पदुम साहू, शरण साहू पंच सहित कई अन्य ग्रामवासीगण इस घटना के लिए जिम्मेदार है। ज्ञात हो कि किरवई मे लगने वाली मवेशी बाजार को गौ तस्करी करने की शिकायत पर शासन ने बाजार को बंद कर दिया है। साथ बकरीद के ही दिन को बैल को काटने का मामला सामने आया था।जिसका आरोपी आज भी जेल मे है। मामले को पुलिस प्रशासन दबाने मे लगी है। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बलौदाबाजार एसपी और भाटापारा एसडीओपी को अपना रिश्तेदार बताकर पूरे मामले को रफा दफा करवाने मे लगे है। मामले को लेकर गौ सेवको द्वारा सिमगा थाने को घेरने की तैयारी चल रही है। वैसे तो हिंदू धर्म में गायों को पवित्रता, समृद्धि और मातृत्व का प्रतीक माना जाता है।वे दूध के माध्यम से भोजन प्रदान करती हैं और कृषि एवं पर्यावरण को सहारा देती हैं।हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, गाय के शरीर में सभी देवी-देवता निवास करते हैं, और गौ सेवा से सभी की सेवा का फल मिलता है। मगर आज दिनांक में तो गौ माता की ओर देखने वाला भी कोई नहीं है रोड पर चलने वाले गाड़ियों से मवेशी टकरा जाती है और रास्ते में ही पड़ी रहती है और कभी घायल हो जाती है तो कही मर जाती है जिसको भी कहीं फेंक देते हैं और सड़ने करने लगते हैं और दूर-दूर तक उसकी दुर्गंध भी फैलती रहती है जिससे कीड़े भी पनपते रहते हैं और वातावरण दूषित होने के साथ-साथ दुर्गंध के वजह से लोग बीमार भी पढ़ रहे हैं। पूरे मामले को लेकर के गांव के पूर्व धर्म सेवा प्रमुख जागेश्वर साहू ने सिमगा थाने में लिखित आवेदन भी दिए हैं अब मामला देखने वाले यहां होगा कि आगे इस पर प्रशासन किस तरह से संज्ञान लेकर कार्यवाही करती है खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में संबंधित सभी पक्षों का बयान लेकर के खबर पून: प्रकाशित करेगी।



## कलेक्टर ने आधार सेवा केन्द्र पहुंचकर कराया अपना आधार अपडेट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट स्थिति आधार सेवा केन्द्र पहुंचकर अपना आधार अपडेट कराया और जिले के नागरिकों से भी अपना आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक कार्य के लिए आधार की आवश्यकता होती है।



## कलेक्टर ने ग्राम महराजपुर के खेत पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया विकासखंड के ग्राम महराजपुर पटवारी हल्का नंबर 15 खसरा नंबर 75/2 के खेत में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का औचक निरीक्षण किया। जिले में फसल सर्वेक्षण को अधिक सटीक, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वेयर द्वारा मोबाइल से खेत और फसल का फोटो खींचकर भू-अभिलेख पोर्टल में अपलोड करने तथा तहसीलदार की आईडी से अप्रूवल की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सर्वेयरों को गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की सतत निगरानी हो तथा आंकलन पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और वास्तविक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार श्री विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## निधन

**लता सिन्हा**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम जोरातराई बोरी निवासी लता सिन्हा का आकस्मिक निधन आज शनिवार दिनांक 20 सितंबर 2024 को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रात: 10 बजे ग्राम जोरातराई बोरी से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार आज ग्राम जोरातराई बोरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। शोकाकुल परिवार में माता श्रीमती कुमारी बाई सिन्हा एवं भाई टाकेश सिन्हा सहित परिजन गहन शोक में डूबे हुए हैं। विदित हो कि स्वर्गीय लता सिन्हा भाजपा युवा नेता टाकेश सिन्हा की छोटी बहन थीं।

# अरजपुरी का छात्र राज्य स्तरीय खेल के लिए चयनित

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** संभाग स्तरीय एथलेटिक्स शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता दिनांक 8 व 9 सितंबर 2025 को बालोद में आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी का छात्र हरेंद्र कुमार पिता बिसन सिंह कक्षा 10 वी ने 110 मीटर बाधा दौड़ में भाग लिया व प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यायाम शिक्षक दिलीप कुमार रावत के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राएं अलग-अलग खेलो में भाग लेकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होते आ रहे हैं। 25वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जो कि जगदलपुर में दिनांक 21 से 24 सितंबर 2025 तक आयोजित है। छात्र के चयनित होने पर संस्था में हर्ष का माहौल है, प्राचार्य श्री नंदलाल पिंकेश्वर ने विद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं को पढ़ाई के साथ -साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं चयनित छात्र को समस्त शाला परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रदान की। शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री विजय पटेल ने खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास के महत्व से समस्त छात्रो को अवगत कराया। शिक्षकों व ग्राम वासियों ने हरेंद्र कुमार की सफलता की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित ही एक छात्र के सफल होने से विद्यालय के अन्य छात्र - छात्राएं भी




# सेवा पखवाडा में स्वच्छ एवं हरित उत्सव के लिये हर वर्ग में उत्साह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवा पखवाडा में नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं समाजिक संस्था स्व स्फूर्थ हो कर जुड रहे है और स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने निगम द्वारा शहर के मध्य स्थित उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड उद्यान की साफसफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये, जहॉ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। सेवा पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, समाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्व स्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई कर स्वच्छता की शपथ लेकर लोगो को जागरूक कर रहे है। आज मार्निंग वॉक एवं योगा क्लब के पदाधिकारी व सदस्यो ने महापौर श्री यादव सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा तथा नागरिको के साथ उद्यान पुष्पवाटिका एवं चौपाटी में श्रम दान कर साफसफाई कर प्लास्टिक प्लागिंग किये। श्रमदान में महापौर श्री यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है।



# रजत जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आगाज

## एसडीएम डोंगरगढ़ ने उपस्थित जनों को दिलाई शपथ

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान (17 सितंबर से 2 अक्तूबर) के अंतर्गत धर्म नगरी डोंगरगढ़ के प्रमुख मार्गो में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद,आटीबीपी, एनएसएस,जनपद पंचायत, नवोदय विद्यालय, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग, सेवा कल्याण परिषद,के सदस्यों व प्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों ने मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।इस अभियान के दौरान डोंगरगढ़ के प्रमुख मार्गो,गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई की गई। कूड़े-कचरे का निस्तारण, गंदगी को हटाने तथा जलभराव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए गए। शासन द्वारा सफाई कर्मचारियों की टीम गठि

इसके साथ ही, ग्रामीणों को भी अपने घर और आस-पड़ोस की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों के द्वारा गोल बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश पहुंचाया गया। वहीं स्वच्छता के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। उक्त कार्यक्रम में नगर के प्रमुख स्थानों पर अलग-अलग समूह में विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, आईटीबीपी के जवान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर पालिका के सभी पार्षद गण अपने शहर के अन्य स्थानों से सफाई करते हुए महावीर मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां स्वच्छता के लिए शपथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एम भार्गव(द्धस्) ने समस्त उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई कि यह एक निरन्तर प्रकिया है और हम सबको निरंतर साफसफाई करके देश,प्रदेश,शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है । मीडिया से चर्चा करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के संदेश को आज सुनकर जानकर, देख कर लोग खुद भी सफ़ाई अभियान से जुड़ गए है अभियान को अभियान बनाकर नहीं छोड़ना है बल्कि रोजाना हमें साफसफाई करना है तभी हमारे देश, प्रदेश,नगर ,गांव का नाम रोशन होगा, वही पत्रकारों से बातचीत के दौरान नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कह की धर्म नगरी डोंगरगढ़ की सुंदरता हम सबके हाथों में है इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमारा शहर हमारा गांव हमारा मोहल्ला साफ सुथरा हों। अभियान के दौरान तहसील दार नीलकंठ जनबंधु, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भागवती साहू, नायब तहसील दार सतपाल यादव, बीओ वीरेंद्र कौर गरचा, संकुल समन्यवयक इनायत अली, समस्त वार्ड पार्षदगण सहित सभी अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## माँ के नाम एक पेड़ - अटल विचारों संग पर्यावरण का संकल्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल द्वारा आज वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख जी, महापौर श्री मधुसूदन यादव जी, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री रामजी भारती जी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत जी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन सिंह बघेल जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री मुकेश बघेल, श्री अतुल रायजादा जी, श्री तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री श्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा जी, एमआईसी चेयरमैन श्री सावन वर्मा, श्री सुनील साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मोनू बहादुर सिंह जी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष द्वय श्री सज्जन सिंह ठाकुर व श्री प्रखर श्रीवास्तव जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री रघुवीर वाधवा जी एवं नगर निगम पार्षदगण, श्री राजेंद्र जैन (बंटू), श्रीमती पूनम शर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, मण्डल पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## धर्म समाचार....

# मोक्षदायिनी सर्व पितृ अमावस्या आज

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू धर्म में सर्वपितृ अमावस्या तिथि का बहुत महत्व है। हिन्दू पंचांग के अनुसार पितृ पक्ष के आखिरी दिन सर्व पितृ अमावस्या मनाई जाती है , जो इस बार आज है। यह पितृपक्ष का आखिरी दिन होता है , जिसे विसर्जनी या महालया अमावस्या भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सोलह दिन से धरती पर आये हुये पितर इस अमावस्या के दिन अपने पितृलोक में पुन: चले जाते हैं। इस दिन पितरों के निमित्त ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है एवं दान-दक्षिणा के साथ उन्हें संतुष्ट कर विदा किया जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या की तिथि 21 सितंबर की रात 12 बजकर 17 मिनट से प्रारंभ होगी और इस तिथि का समापन 22 सितंबर की रात 01 बजकर 23 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार महालया अमावस्या अथवा सर्वपितृ अमावस्या का पर्व 21 सितंबर यानि आज ही मनायी जायेगी। इस दिन पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ चतुष्पद करण का भी विशेष संयोग बन रहा है। वहीं साल का आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को लगने वाला है , जो रात में लगभग ग्यारह बजे आरंभ होगा और देर रात लगभग साढ़े तीन बजे तक तक रहेगा। इस बार सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्यग्रहण पड़ रहा है , लेकिन भारत में ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस कारण सूतक भी लागू नहीं होगा , ऐसे में रात के समय से आरंभ होने के कारण दिन भर आप पितरों का तर्पण कर सकते हैं। पितृपक्ष के आखिरी दिन पड़ने वाली इस अमावस्या तिथि पर पिंडदान , श्राद्ध, व पितरों के निमित्त दान करने का खास महत्व होता है। आश्विन मास की अमावस्या तिथि को श्राद्ध करके पितरों को विधिपूर्वक विदाई देने की भी परंपरा है। इस दिन तर्पण , श्राद्ध और पिंडदान आदि का विशेष महत्व होता है। इस दिन पितरों के नाम से तर्पण व दान करने से पितर प्रसन्न होते हैं व अपना आशीर्वाद देते हैं। इसलिये इस दिन को सर्वपितृ विसर्जन अमावस्या श्राद्ध भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार पितृपक्ष में पितर धरती पर विचरण करते हैं , अगर पितरों का श्राद्ध ना किया जाये तो उनकी आत्मा पृथ्वी पर भटकती रहती है। जिसके प्रभाव से घर-परिवार के लोगों को भी आये दिन दुख-तकलीफ का सामना करना पड़ता है। इसलिये बहुत जरूरी है कि अगर आप पितरों की पुण्य तिथि भूल चुके हैंतो इस तिथि पर उनका श्राद्ध अवश्य ही करें। मान्यताओं के अनुसार इस दिन वे लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध करते हैं जिनकी मृत्यु किसी महीने की अमावस्या तिथि को हुई हो या जिन्हें अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि आदि के बारे में जानकारी नहीं होती। इस दिन हर कोई अपने पूर्वजों का श्राद्ध व पितृ तर्पण कर सकता है इसलिये इस अमावस्या को बहुत खास माना जाता है। ऐसी मान्यता हैकि इस दिन श्राद्ध किये जाने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। सर्व पितृ अमावस्या के दिन पीपल पेंड में जल , पुष्प , अक्षत , दूध गंगाजल , काला तिल चढ़ाकर दीपक जलाने एवं नाग स्तोत्र , महामृत्युंजय मंत्र , रूद्रसूक्त , पितृस्तोत्र , नवग्रह स्तोत्र , विष्णु मंत्र का जाप , गीता के सातवें अध्याय का पाठ करने से पितरों को शांति मिलती है एवं पितृदोष में कमी आती है। इस दिन पितरों के योगदान को याद करते हुये उनका आभार व्यक्त करना चाहिये। इस दिन पितरों को विदाई देते समय उनसे किसी भी भूल की क्षमा याचना भी करनी चाहिये।



**इन चीजों से करें परहेज**

सर्व पितृ अमावस्या में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिये। इस दिन हर प्रकार की बुराई से बचने का प्रयास करना चाहिये तथा नशा आदि से भी बचना चाहिये। क्रोध और अहंकार के साथ लोभ से भी दूर रहना चाहिये। यूं तो पूरे पितृ पक्ष में तेल नहीं लगाना चाहिये , लेकिन इस दिन तो विशेषकर तेल लगाना निषेध ही है। इस दिन जब आप श्राद्ध करें तो उसमें लोहे के बर्तन , बासी फल- फूल और अन्न का उपयोग ना करें। इसके अलावा मांस - मदिरा , मसूर , चना, खीरा , जीरा, सत्तू और मूली का सेवन पूर्णतया वर्जित है।

**सर्व पितृ अमावस्या कथा**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रेष् पितृ अग्निष्वात और बर्हिषपद की मानसी कन्या अक्षोदा घोर तपस्या कर रही थीं। वह तपस्या में इतनी लीन थीं कि देवताओं के एक हजार वर्ष बीत गये , उनकी तपस्या के तेज से पितृ लोक भी प्रकाशित होने लगा। प्रसन्न होकर सभी श्रेष पितृगण अक्षोदा को वरदान देने के लिये एकत्र हुये। उन्होंने अक्षोदा से कहा कि हे पुत्री ! हम सभी तुम्हारी तपस्या से अति प्रसन्न हैं , इसलिये जो चाहो वर मांग लो। लेकिन अक्षोदा ने पितरों की तरफध्यान नहीं दिया वह उनमें से एक अति तेजस्वी पितृ अमावसु को अपलक निहारती रही। पितरों के बार-बार कहने पर उसने कहा हे भगवन ! क्या आप मुझे सचमुच वरदान देना चाहते हैं? इस पर तेजस्वी पितृ अमावसु ने कहा - 'हे अक्षोदा वरदान पर तुम्हारा अधिकार सिद्ध है , इसलिये निस्संकोच कहो। अक्षोदा ने कहा - भगवन ! यदि आप मुझे वरदान देना ही चाहते हैं तो मैं तत्क्षण आपके साथ का आनंद चाहती हूं। अक्षोदा के इस तरह कहे जाने पर सभी पितृ क्रोधित हो गये। उन्होंने अक्षोदा को श्राप दिया कि वह पितृ लोक से पतित होकर पृथ्वी लोक पर जायेगी। पितरों के इस तरह श्राप दिये जाने पर अक्षोदा पितरों के पैरों में गिरकर रोने लगी। इस पर पितरों को दया आ गई , उन्होंने कहा कि अक्षोदा तुम पतित योनि में श्राप मिलने के कारण मत्स्य कन्या के रूप में जन्म लोगी। भगवान ब्रह्मा के वंशज महर्षि पाराशर तुम्हें पति के रूप में प्राप्त होंगे और तुम्हारे गर्भ से भगवान व्यास जन्म लेंगे। उसके उपरंत भी अन्य दिव्य वंशों में जन्म लेते हुये तुम श्राप मुक्त होकर पुन:: पितृ लोक में वापस आ जाओगी। पितरों के इस तरह कहे जाने पर अक्षोदा शांत हुई। अक्षोदा के प्रणय निवेदन को अस्वीकार किये जाने पर सभी पितरों ने अमावसु की प्रशंसा की और वरदान दिया - हे अमावसु ! आपने अपने मन को भटकने नहीं दिया , इसलिये आज से यह तिथि आपके नाम अमावसु के नाम से जानी जायेगी। ऐसा कोई भी प्राणी जो वर्ष में कभी भी श्राद्ध-तर्पण नहीं करता है , अगर वह इस तिथि पर श्राद्ध पर करेगा तो उसे सभी तिथियों का पूर्ण फल प्राप्त होगा। तभी से इस तिथि का नाम अमावसु (अमावस्या) हो गया और पितरों से वरदान मिलने के फलस्वरूप अमावस्या को सर्वपितृ श्राद्ध के लिये सर्वश्रेष्ठ पुण्य फलदायी माना गया।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# गली-गली घूमते खतरे : आवारा कुत्तों से त्रस्त संस्कारधानी

## बच्चों और बुजुर्गों में दहशत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों के काटे जाने की घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिससे आमजन खासकर बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल है। कई इलाकों में रात होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं।

**लगातार बढ़ रही घटनाएँ**

शहर के कई प्रमुख मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों सिनेमा लाइन, भरकापारा, सदर बाजार, महाकाल चौक, बसंतपुर, गोल बाजार, हॉट बाजार और लखोली में कुत्तों का आतंक ज्यादा देखने को मिल रहा है। इन इलाकों में झुंड में घूमते आवारा कुत्ते राहगीरों और दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। बीते दिनों भरकापारा में एक बच्चे को काटकर घायल कर दिया गया, वहीं महाकाल चौक के पास रात में पैदल चल रहे बुजुर्ग पर झुंड ने हमला कर दिया। सदर बाजार, सिनेमा लाइन और हॉट



बाजार के दुकानदारों ने भी रात में दुकान बंद कर घर लौटने में दिक्कत बताई।

**आवारा कुत्तों का आतंक का असर**

आवारा कुत्ते झुंड बनाकर बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों पर हमला करते हैं, जिससे लोग डर के चलते घरों से निकलने से कतराने लगे हैं। कई बार कुत्ते सड़क पर वाहन चलाने वालों को भी दौड़ाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। आवारा कुत्तों के काटने से रोग फैलने (जैसे रेबीज) का खतरा रहता है, जो जानलेवा भी हो सकता है।

**प्रशासन और नगर निगम की उदासीनता**

नागरिकों का कहना है कि कई बार नगर निगम से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। निगम की लापरवाही से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

**पार्षदों की चुप्पी पर सवाल**

लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित वार्डों के पार्षद भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। आमजन की लगातार शिकायतों के बावजूद न तो मोहल्लों का दौरा किया गया और न ही समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई दी। स्थानीय निवासी रमेश जैन का कहना है ङ्क च्वार्ड पार्षद सिर्फ चुनाव के समय दिखते हैं, बाकी समय जनता की समस्याओं से बेखबर रहते हैं ज्

**आम नागरिकों की आवाज**

बसंतपुर के निवासी संजय अग्रवाल ने कहा कि च्हर गली-चौराहे पर कुत्तों का आतंक है। छोटे बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं, रात को महिलाएँ बाहर निकलने से घबराती हैं ज्ज् वहीं, गोल बाजार के व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया जाएगा।

आवारा पशु भी जीव हैं, उनकी देखभाल जरूरी है। परंतु उनकी वजह से आमजन का जीवन संकट में न आए, इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ठोस कदम उठाना चाहिए। नसबंदी, टीकाकरण और शेल्टर होम की व्यवस्था कर कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाई जा सकती है।

# नारी शक्ति, आस्था और एकता का संदेश लेकर जामुल से डोंगरगढ़ पहुँचेगी पदयात्रा



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** आगामी 24 सितंबर 2025 से जामुल दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होने वाली च्शक्ति संकल्प पदयात्राज्ज् के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे अपने पति श्री सत्यप्रकाश बंजारे के साथ डोंगरगढ़ माँ बमलेश्वरी धाम पहुँचीं। इस दौरान भाजपा नेता प्रिंस कक्कड़ भी उनके साथ मौजूद रहे। माँ बमलेश्वरी देवी के चरणों में श्रद्धाभावपूर्वक पदयात्रा का पहला आमंत्रण कार्ड अर्पित कर श्रीमती बंजारे ने आयोजन की सफलता, मंगलमयता एवं सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा— माँ बमलेश्वरी देवी की कृपा से शक्ति संकल्प पदयात्रा सफल होगी। यह यात्रा समाज में नारी शक्ति, आस्था और एकता का सशक्त संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। ज्ञात हो कि यह पदयात्रा 24 सितंबर को जामुल से प्रारंभ होकर 25 सितंबर की सुबह डोंगरगढ़ पहुँचेगी। इसमें 100 से अधिक महिलाएँ तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# सेवा पखवाड़ा में जुटे भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल के पदाधिकारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन



(17 सितम्बर) से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल के सभी पदाधिकारीगण सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। मंडल संयोजक सेवा पखवाड़ा एवं पार्षद रवि सिन्हा ने कहा सेवा ही संगठन की मूल भावना को आत्मसात करते हुए दक्षिण मंडल के कार्यकर्ताओं ने वार्डों में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, रक्तदान, नशा मुक्ति जागरूकता, निर्धन व जरूरतमंदों की सहायता तथा प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन चरित्र पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए। मंडल अध्यक्ष प्रशांत (गोलू) गुप्ता ने कहा कि च्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। सेवा पखवाड़ा हमें यह प्रेरणा देता है कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और उनकी सेवा करे। इस अवसर पर मंडल संयोजक सेवा पखवाड़ा एवं पार्षद रवि सिन्हा, सहसंयोजक प्रवीण शुक्ला, मंडल महामंत्री बलवंत साव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, आईटी संयोजक मनीष गोलछा, गिन्नी चावला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भागीदारी दे रहे हैं। संगठन ने यह संकल्प लिया है कि सेवा कार्य की यह निरंतरता आगे भी बनी रहेगी, और समाज के हर वर्ग तक सेवा एवं सहयोग की भावना पहुँचाई जाएगी।

# कलेक्टर ने खाद्य, जिला विपणन विभाग तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की

## शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री के समयबद्ध भंडारण के दिए निर्देश, राशन कार्डधारियों का अनिवार्य रूप से आधार ई-केवायसी कराने कहा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य, जिला विपणन विभाग तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री के समयबद्ध भंडारण के लिए जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारियों को अनिवार्य रूप से आधार ई-केवायसी कराना है। जिले में अब तक 86 प्रतिशत हितग्राहियों ने आधार ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने शेष राशन कार्डधारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के लिए जिला खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने विगत वर्षों की तरह धान खरीदी के लिए पीडीएस बारदाने एकत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन चरणों में धान के खसरों का पीवी एप के माध्यम से सत्यापन कार्य के लिए ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए कहा। पीवी एप के माध्यम से अधिकारी एवं



कर्मचारियों को फिल्ड में जाकर खसरा के सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों को खाद एवं बीज की सतत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है। किसानों की मांग के अनुरूप खाद मंगाने के लिए कहा। उन्होंने जिले में नये धान खरीदी केन्द्र के प्रस्ताव, जिला सहकारी समिति, धान उपार्जन केन्द्र एवं बैंक के संबंध में जानकारी ली तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करें। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलने से खेती-किसानी के कार्यों में मदद मिलेगी। इसी तरह मत्स्य पालन विभाग में भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने कहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सुधीर सोनी, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती हीना खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पूज्य सिंधी पंचायत में सामाजिक कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाया

## विवाह समारोह मे अमर्यादित नीति बर्दाश्त नहीं होगी

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आगामी वैवाहिक मांगलिक कार्यक्रमों को दृष्टि में रखते हुए पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर ने वैवाहिक कार्यों की कुछ अनीतिपूर्ण गतिविधियों और नई परंपराओ पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करते हुए सभी सामाजिक बंधुओ से इसका पालन करने का आवाहन किया है। जिसकी जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी को बैठक में दी गई। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्यामदास गंगवानी, गुरमुखदास वाधवा एवं अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी के अनुसार समाज में क्षणिक आनंद की खातिर संस्कारों की हत्या की जाती है,इसलिए इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए बैठक में पुल पार्टी पर पूर्णत:प्रतिबंध लगाया गया है। और समाज की सगाई,वैवाहिक स्थल पर शराब/बियर/धुम्रपान/हुक्का आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। बारातियों को बारात मार्ग एवं किसी खुले स्थान पर मदिरापान कराने पर भी पूर्णत:



प्रतिबंध लगाया गया है। समस्त वैवाहिक कार्यक्रम विवाह पत्रिका में तय समयानुसार किए जाएं। प्री वेडिंग शूट पर पूर्व से जारी प्रतिबंध (क्कस्क के पूर्व निर्देशानुसार) रहेगा। बारात में रोड साइड महिलाओं का नाचना एवं फ्टाका फोड़ना वर्जित है।वर्षों से चली आ रही परंपरा के विकृत रूप लेने के कारण बारात पहुंचने पर वधु पक्ष से पैसे की मांग, दूल्हे को कंधे पर उठाना या अन्य अभद्र व्यवहार पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। समाज के महासचिव हरीश मोटलानी ने कहा कि वरमाला एक बहुत ही मर्यादित संस्कार है। नवयुगल से सहर्ष झुककर स्वीकार करने का आग्रह किया गया है,इसमें किसी भी प्रकार का मजाक न उड़ाने का निवेदन किया गया है। पूज्य पंचायत के जन संपर्क प्रभारी अमर लालवानी एवं अरुण डूलानी ने बताया कि उक्त समस्त नियम शहर से बाहर होने वाले विवाह समारोह पर भी लागु रहेंगे। पूज्य पंचायत के उपाध्यक्ष राजकुमार डुलानी,चंदन रूचंदानी,प्रहलाज चेतवानी एवं अर्जुन गंगवानी ने समाज के सभी बंधुओ से नियमो का पालन करने का आव्हान किया है ।

# अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की जिला कार्यकारिणी की महा बैठक आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की महा बैठक आज राजनंदगांव अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की जिला कार्यकारिणी की महा बैठक आज दिनांक 21 -09-2025 को राष्ट्रीय कार्यालय श्री बाला बाबा मंदिर सोनार पारा राजनंदगांव मैं दोपहर 1:00 बजे से रखी गई है बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजनीय देव कुमार निर्वाणी जी छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी तथा



प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दास जी बैठक में मौजूद रहेंगे मीडिया को जानकारी देते हुए जिला सचिव ज्ञानेश्वर दास वैष्णव ने कहा कि संत समाज पुरोहित पंडितों तथा पुजारी का इकट्ठा होना और संगठन करना अति आवश्यक हो गया है मठ मंदिरों तथा पुजारी पुरोहितों की स्थिति दैनिक होती जा रही है सनातन धर्म की स्थापना के लिए पुजारी पुरोहितों कथा वाचकों का संगठन होना अति आवश्यक है इसी विषय को लेकर के अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने समस्त पदाधिकारी तथा सदस्यों को बैठक में आने की अपील की है।

# श्री गुरु तेगबहादुर की शहादत को समर्पित धुबड़ी साहेब से आरम्भ शहीदी यात्रा रविवार राजनांदगांव में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हिंद की चादर नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहेब जी



की शहादत को समर्पित 350वी शताब्दी शहीदी यात्रा जोकि आसाम धुबरीसाहेब से आनंदपुर साहिब के लिए आरंभ हुई हैं,यह यात्रा 4 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ प्रवेश कर चुकी है ! 350 साल पूर्व हिंदू धर्म की खातिर , तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए शहादत देने के कारण ही श्री गुरूतेग बहादुर साहेब को हिंद की चादर के सम्मान से संबोधित किया जाता है ! यह शहीदी यात्रा 20 सितंबर रात्रि रायपुर पहुंचने के बाद टाटीबंध विश्राम उपरांत रविवार 21 सितंबर को रवाना होगी ! भिलाई ,दुर्ग से होते राजनांदगांव में यह यात्रा क्क्ष्क्क ऑफिस से सर्विस रोड में प्रवेश करेगी तथा गुरुद्वारा साहिब लगभग 11 बजे पहुंचेगी ! जहां समूह सिख संगत तथा नगरवासियों द्वारा भावभीना स्वागत तथा सत्कार किया जाएगा ! प्रसाद तथा स्वल्पाहार उपरांत यह यात्रा 12 बजे गुरुद्वारा तुमड़ीबोड पहुंचेगी ,यहां संगत द्वारा स्वागत सत्कार उपरांत यात्रा डोंगरगढ़ ,देवरी से महाराष्ट्र प्रवेश करेगी ! इस यात्रा में पावन गुरुग्रंथ साहिब की पालकी ,प्राचीन ऐतिहासिक शस्त्रों का वाहन,पंज प्यारो की गाड़ी समेत लगभग 25 गाड़ियों का काफिला रहेगा ! गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव प्रबंधक कमेटी ने समूह सिख संगत भाइयों बहनों के साथ समस्त नागरिक गणों से निवेदन किया है कि 21 सितंबर 11 बजे गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर शहीदी यात्रा का सत्कार पूर्ण श्रद्धा के साथ कर हिंद की चादर गुरु तेगबहादुर साहिब की तथा अन्य शहीदों भाई सतीदास जी , भाई मतीदास जी ,भाई दयालाजी की शहादत को नमन करे !

# गायत्री विद्यापीठ में सेवन स्टार्स कार्यक्रम का शानदार आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नित नई ऊँचाईयों की ओर अग्रसर जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में लिनेस क्लब ऑफ राजनांदगांव द्वारा सेवन स्टार्स कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पदमश्री श्रीमती फुलबासन यादव जी थी। आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत बैण्ड की मधुर धुन के साथ किया गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव द्वारा सभी लिनेस क्लब सदस्यों का स्वागत सत्कार किया गया। शाला के विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट श्रीमती अनिता कपूर जी द्वारा बच्चों को शुभकामना देते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। सीबीएसई बोर्ड, सीजी बोर्ड एवं हिन्दी माध्यम के 7-7 विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हेतु पुरस्कृत किया गया। जिसमें मानव शर्मा, भूमिका साहू, वैष्णवी रंगारी, प्रांतिका सरकार, प्रियल राजा, उत्कर्ष साहू, सचेतन चौगुले, चेष्टा साहू, मृत्युंजय गुप्ता, कार्तिक अग्रवाल, ओजस साहू, हार्दिक व्यास, प्रिया पंसारी, मानसी साहू, सोनिया यादव, कामाक्षी यादव, सोनम तिवारी, वैभव साहू, मेघा साहू, कशिश चंदेल, रूपाली साहू को पुरस्कृत किया गया। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर लिनेस क्लब के सभी सदस्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस शानदार आयोजन हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष



डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com